वर्ष- 3 , अंक- 19
छपरा
8 दिसंबर सोमवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# अंतिम संस्कार नहीं किया तो होगी 5 साल की जेल, हॉस्पिटल जबरन नहीं रख सकेंगे लाश

## हंगामा करने वालों को भी मिलेगी सजा

**जयपुर,एजेंसी।** राजस्थान में अब डेड बॉडी रखकर विरोध प्रदर्शन करने, लाश पर राजनीति करने और बिना वजह अंतिम संस्कार नहीं करने पर एक साल से लेकर 5 साल तक की जेल और जुर्माना होगा।

परिजनों को डेड बॉडी लेनी ही होगी, अगर परिजन विरोध प्रदर्शन के लिए डेड बॉडी देते हैं तो उन्हें भी एक साल की सजा होगी। पिछली गहलोत सरकार के समय बने राजस्थान मृतक शरीर के सम्मान अधिनियम के नियम लागू हो गए हैं। नियमों के नोटिफिकेशन के बाद अब इसके प्रावधानों के तहत कार्रवाई आसान हो गई है। इस कानून के दायरे में परिजनों से लेकर नेता भी आएंगे। 24 घंटे में डेड बॉडी का अंतिम संस्कार करना होगा। ऐसा नहीं करने पर पुलिस डेड बॉडी को कब्जे में लेकर अंतिम संस्कार करवा सकेगी।



### 2023 से लागू है कानून, नियम अब बने

पिछली गहलोत सरकार के समय 20 जुलाई 2023 को विधानसभा में इसका बिल पारित हुआ था। इसके बाद 17 अगस्त 2023 को राज्यपाल की मंजूरी के बाद 18 अगस्त 2023 से कानून प्रभावी हो गया था, लेकिन इसके नियम नहीं बने थे। नियम नहीं होने से पुलिस को कार्रवाई करने में परेशानी आ रही थी, इस वजह से अब तक इस कानून का इस्तेमाल भी नहीं हो पाया

### एक से 5 साल तक की सजा हो सकती है

परिजन डेड बॉडी लेने से मना करते हैं तो उन्हें एक साल की सजा हो सकती है। मृतक के परिवार का सदस्य अगर डेड बॉडी का इस्तेमाल विरोध के लिए करता है या किसी को ऐसा करने की अनुमति देता है, तो उसे 2 साल तक की सजा हो सकती है।

# आगरा-मुंबई हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने चीते को कुचला



**ग्वालियर ,एजेंसी।** आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे (शिवपुरी लिंक रोड) पर घाटीगांव सिमरिया मोड़ पर कूनो से भागे दो चीतों में से एक चीता की मौत हो गई है। जंगल से निकलकर जब सड़क पर चीता आया तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। दूसरे चीते की तलाश की जा रही है। घटना रविवार सुबह 5 से 6 बजे के बीच की है। सूचना मिलते ही घाटीगांव थाना पुलिस और वन विभाग के अफसरों ने घटनास्थल को निगरानी में ले लिया है। कूनो के अफसर भी स्पॉट पर पहुंच गए हैं। चीते के शव को कूनो पहुंचाया जा रहा है, जहां, एक्सपर्ट्स का पैनल पोस्टमॉर्टम करेगा। सैटेलाइट कॉलर आईडी से लगातार चीतों पर नजर रखी जा रही थी। जैसे ही सड़क हादसा हुआ अफसरों को सूचना मिल गई है। घटनास्थल पर काफी भीड़ थी, लेकिन वन विभाग के अफसरों ने पुलिस तक को पास नहीं आने दिया। पूरी कार्रवाई वन विभाग के अफसर कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मृत चीते का नाम KG-3 (मादा) है। इसका जन्म कूनो नेशनल पार्क में ही हुआ था। यह गामिनी का शावक बताया जा रहा है।

# रूस को खतरा नहीं कहेगा अमेरिका, नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी में बदलाव

## ट्रम्प बोले- यूरोप का वजूद खत्म हो रहा



**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** ट्रम्प प्रशासन ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी (NSS) में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अमेरिका अब रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा। यह ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति पर आधारित है। रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने समाचार एजेंसी TASS को बताया कि अमेरिका ने शुक्रवार को 29 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया। अब अमेरिका रूस के लिए 'डायरेक्ट थ्रेट' और दुश्मन कहने वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। रूस ने इस बदलाव का स्वागत किया है। क्रीमिया को 2014 में रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता रहा है। अब नई नीति में रूस के तरफ नरमी बरती गई है और कुछ मुद्दों पर सहयोग करने की बात कही गई है। वहीं ट्रम्प प्रशासन ने यूरोप की आलोचना करते हुए कहा कि उसका वजूद खत्म हो रहा है।

# एलओसी पर पाकिस्तान के 68 आतंकी लॉन्चपैड सक्रिय 120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में

**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। LoC के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार LoC की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं।

# गोवा के नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट: 25 मौतें, क्लब का मैनेजर गिरफ्तार; 4 टूरिस्ट समेत 18 लोगों के शवों की पहचान की गई

● सरपंच बोले- क्लब अवैध, तोड़ने का नोटिस दिया था ● सीएम सावंत ने गोवा नाइट क्लब अग्निकांड की जांच के दिए आदेश

**पणजी,एजेंसी।** गोवा के अरपोरा इलाके में स्थित नाइट क्लब 'Birch By Romeo Lane' में शनिवार रात आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग डांस फ्लोर से शुरू हुई।

हादसे के समय क्लब में करीब 100 लोग मौजूद थे और Bollywood Banger Night चल रही थी। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें बेली डांसर महबूबा-ओ-महबूबा पर डांस करते दिख रही है।

इस दौरान क्लब की छत से कांच के बड़े टुकड़े टूटकर नीचे गिरने लगे। कुछ ही सेकंड बाद आग की तेज लपटें दिखाई देने लगीं। लपटें देख लोग घबरा गए और महिला डांसर ने भी तुरंत डांस रोक दिया। जांच में सामने



आया है कि क्लब की एंट्री संकरी होने के चलते फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच सकी। वहीं, अरपोरा-नगुआ गांव के सरपंच का कहना है कि क्लब अवैध था, इसे तोड़ने का नोटिस भी दिया था।

संकरी एंट्री-एग्जिट से फायर ब्रिगेड क्लब खुद को आइलैंड क्लब बताता है। यह अरपोरा नदी के बैकवाटर में बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक क्लब में एंट्री और एग्जिट के रास्ते संकरे है। इसके चलते आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड क्लब तक नहीं पहुंच पाई और उन्हें 400 मीटर दूर पार्क करना पड़ा। इससे बचाव कार्य में काफी देरी हुई।

अधिकारियों के मुताबिक अधिकतर मौतें धुएं और दम घुटने से हुईं।

### अवैध निर्माण की हुई थी शिकायत

अरपोरा नागोवा के सरपंच रोशन रेडकर का कहना है नाइट क्लब का निर्माण अवैध था और इसके खिलाफ शिकायत भी हुई थी, जब हमने इसकी जांच कराई तो पता चला कि नाइट क्लब निर्माण के लिए कोई लाइसेंस नहीं मिला था। इसके बाद हमने नाइट क्लब को गिराने का आदेश दिया, लेकिन इस आदेश को स्टे कर दिया गया। सरपंच ने बताया कि पंचायत निदेशालय ने पंचायत के आदेश पर रोक लगाई थी। साथ ही उन्होंने बताया कि क्लब के मालिकों और जमीन के मालिकों में भी मतभेद थे, जिसके चलते भी इस क्लब की शिकायत हुई थी।

### सीएम सावंत बोले- जिम्मेदारों पर एक्शन लेंगे

सीएम सावंत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आज का दिन गोवा के लिए बहुत दुखद है। अरपोरा में लगी भीषण आग में 23 लोगों की मौत हो गई। मैं बेहद दुखी हूं और इस कठिन समय में सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने मौके पर जाकर हालात देखे और इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने बताया- जांच में यह पता लगाया जाएगा कि आग कैसे लगी और क्या वहां फायर सेफ्टी और बिल्डिंग के नियमों का सही तरह पालन किया गया था या नहीं। जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की लापरवाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई

## पत्नी ने दायर की है अपील

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जेल में बंद पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की याचिका पर यह सुनवाई होगी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी गई है और इसे गैर-कानूनी और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है।

**24 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने टाल दी थी सुनवाई :** इससे पहले 29 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने अंगमो की संशोधित याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था। हालांकि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अंगमो द्वारा दायर याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ समय मांगा था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 24 नवंबर को इस मामले पर सुनवाई को टाल दिया था। सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका में कहा गया है, सोनम वांगचुक को पुरानी एफआईआर, अस्पष्ट आरोपों और अंदाजों के आधार पर हिरासत में रखा गया है। इसलिए इसका कोई कानूनी वजह नहीं है।



### याचिका में वांगचुक की हिरासत को दी गई चुनौती

याचिका में कहा गया, रोकथाम की शक्तियों का इस तरह मनमाना इस्तेमाल अधिकारों का उल्लंघन है, जो संवैधानिक आजादी पर चोट करता है। याचिका में सोनम वांगचुक की हिरासत को रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि यह पूरी तरह से बेतुका है कि लद्दाख और पूरे भारत में शिक्षा, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण में अपने योगदान के लिए राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाने जाने के बाद वांगचुक को अचानक निशाना बनाया गया। अंगमो ने कहा कि 24 सितंबर को लेह में हुई दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा की घटनाओं को किसी भी तरह से वांगचुक के कामों या बयानों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अंगमो ने कहा कि वांगचुक ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल के ज़रिए हिंसा की निंदा की और साफ तौर पर कहा कि हिंसा से लद्दाख की तपस्या और पांच साल की शांतिपूर्ण कोशिश नाकाम हो जाएगी। वांगचुक ने हिंसा को लेकर कहा, यह उनकी ज़िंदगी का सबसे दुखद दिन था।

# कार की ट्रेलर से आमने-सामने टक्कर, 5 दोस्तों की मौत

## जशपुर में मेला देखकर घर लौट रहे थे, सभी एक ही गांव के रहने वाले

**जशपुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में 5 दोस्तों की मौत हो गई। हादसा 6 दिसंबर शनिवार की रात NH-43 पतराटोली के पास हुआ। मनोरा थाना क्षेत्र के मेले से लौट रही आई-20 कार और सामने से आ रहे ट्रेलर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी टक्कर इतनी खतरनाक थी कि कार सवार सभी 5 युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर लोहे के ढेर में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। घटना



दुलदुला थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सभी युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर घर लौट रहे थे। कार्यक्रम से घर पहुंचने की जल्दी में कार की रफ्तार काफी तेज थी। पतराटोली के पास अचानक सामने ट्रेलर को देखकर ड्राइवर नियंत्रण नहीं रख पाया और सीधी भिड़ंत हो गई।

### टक्कर होते ही हुआ धमाका

टक्कर होते ही जोरदार धमाका हुआ और कार सड़क किनारे घिसटती चली गई। आसपास के ग्रामीण सबसे पहले मौके पर पहुंचे, लेकिन वाहन के अंदर फंसे सभी युवक मृत पाए गए। सूचना मिलते ही दुलदुला थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

# इंडिगो संकट: छठे दिन 650+ फ्लाइट कैंसिल, पैसा रिफंड करने के निर्देश

## सरकार ने पूछा- बताएं आप पर एक्शन क्यों न हो?

**नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता ,एजेंसी।** पिछले 5 दिन से चल रहे इंडिगो संकट के कारण शनिवार को भी 800 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुईं। छठे दिन भी यह सिलसिला जारी है। हालांकि इंडिगो ने दावा किया है कि उसने 95% रूट पर फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल कर दिया है। एयरलाइन ने कहा कि 138 में से 135 डेस्टिनेशंस पर फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। हमें लोगों का भरोसा दोबारा जीतने के लिए काफी वक्त लगेगा।

इधर, रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद,



भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं।

इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं।

**सरकार सख्त- इंडिगो संकट पर जारी किए आदेश- निर्देश :** कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसंबर को रात 8 बजे तक पूरा करने को कहा था। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा। कंपनी के CEO को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर DGCA एकतरफा फैसला ले सकेगा। बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई। हवाई करिया फिक्स किया। अब कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपए, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपए से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी।

एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18 हजार रुपए तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी।

# भारत लौटी सुनाली बोली- बांग्लादेश में दो महीने भूखे-प्यासे भटके

## बीएसएफ ने आंख पर पट्टी बांधकर भेजा, बोले- पीछे मुड़े तो गोली मार देंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** यदि पुलिस घर आए और कहे कि आप बांग्लादेशी हैं। सामान समेटिए, आपको बांग्लादेश डिपोर्ट कर रहे हैं। अपने बचाव में आप आधार, राशन कार्ड दिखाएं, लेकिन पुलिस एक न सुने और आंख पर पट्टी बांधकर सीधे बांग्लादेश बॉर्डर भेज दे। ऐसा फरमान किसी की भी जिंदगी को पलभर में उजाड़ देगा। 26 साल की सुनाली खातून की जिंदगी ऐसे ही एक फरमान ने नरक बना दी थी। गर्भवती खातून के साथ उसके 8 साल के बेटे ने भी इस नरक को भोगा। शुक्र है कि 3 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने मानवीय आधार पर सुनाली को भारत लाने का आदेश दिया। सुनाली अब पश्चिम बंगाल में हैं। कुपोषण का इलाज करा रही हैं।

**BSF ने बांग्लादेश में धकेला, हम वहां दो महीने भूखे-प्यासे भटके :** पुलिस ने सुनाली, पति दानिश, बेटे साबिर, स्वीटी बीबी और उनके दो बेटों को 18 जून को दिल्ली के रोहिणी इलाके से उठाया था। पुलिस उस वक्त गृह मंत्रालय के आदेश पर बांग्लादेशियों को पकड़ रही थी। लेकिन, पुलिस ने मंत्रालय का



सर्कुलर ठीक से पढ़ा ही नहीं था। सुनाली कबाड़ बीनती है।

उसने पुलिस को आधार, वोटर आईडी दिखाए। 1952 के जमीन के कागजात और साबिर का जन्म प्रमाण पत्र दिखाया था। लेकिन, किसी ने गुहार नहीं सुनी। पुलिस ने सुनाली, साबिर, स्वीटी बीबी और तीन अन्य सदस्यों को गृह मंत्रालय की टीम को सौंपा था।

### सुप्रीम कोर्ट ने वापस लाने का आदेश दिया था

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से कहा था कि वह नौ महीने की गर्भवती सुनाली खातून और उसके 8 साल के बच्चे को बांग्लादेश से वापस लाए। अदालत ने कहा था कि कानून को कभी-कभी इंसानियत के आगे झुकना होता है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया था- सरकार सोनाली और उनके बेटे को भारत आने देगी। उन्होंने साफ किया कि यह अनुमति मानवीय आधार पर होगी। इससे नागरिकता से जुड़े मुद्दों पर सरकार का रुख प्रभावित नहीं होगा।

यहां से बीएसएफ की टीम सभी को प्लेन से पश्चिम बंगाल में मालदा जिले की महादी सीमा चौकी पर ले गई थी। बीएसएफ की एक टीम ने रात के अंधेरे में इनकी आंखों पर पट्टी बांधी और बांग्लादेश बॉर्डर की ओर धकेल दिया था। चेतावनी दी कि पीछे मुड़े तो गोली मार देंगे। सुनाली बेटे और गर्भ को लेकर बांग्लादेश में शारीरिक और मानसिक यातनाएं झेल रही थी। फिर बांग्लादेश पुलिस ने इन्हें भारतीय घुसपैठिया कहकर पासपोर्ट एक्ट और फॉरेनर्स एक्ट में गिरफ्तार किया, क्योंकि उनके पास भारतीय दस्तावेज थे। इन्हें चापैनवाबगंज की जिला जेल भेज दिया गया, जहां दो वक्त का खाना भी नहीं मिला। इससे सुनाली कुपोषण का शिकार हो गई थी।

## बेतिया में गन्ने के खेत में युवक का मिला शव

**बेतिया,एजेंसी।** बेतिया के योगापट्टी थाना क्षेत्र के संग्रामपुर वार्ड संख्या-09 में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब 30 वर्षीय लुकेश सहनी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गन्ने के खेत से बरामद किया गया।घटना की सूचना फैलते ही पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बन गया।



**रात 3 बजे चुपचाप घर से निकला था लुकेश :** मृतक के बड़े भाई अखिलेश सहनी ने बताया कि लुकेश गुरुवार देर रात करीब तीन बजे बिना किसी को बताए घर से बाहर निकल गया था।परिवार के किसी सदस्य को अंदाजा तक नहीं हुआ कि वह कब गया।शुक्रवार सुबह तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिवार को उसकी चिंता हुई और तलाश शुरू कर दी गई।

**300 मीटर दूर गन्ने के खेत में मिला शव :** काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने घर से लगभग 300 मीटर दूर उमेश सहनी के गन्ने के खेत में लुकेश का शव पड़ा देखा।शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई और लोग मौके पर उमड़ पड़े। परिजनों ने बताया कि मृतक का मोबाइल फोन भी गायब है, जिससे घटना की रहस्यमयता और बढ़ गई है।

**पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** सूचना मिलते ही योगापट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जीएमसीएच भेज दिया।शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लुकेश के शरीर पर किसी भी प्रकार का चोट या संघर्ष का निशान नहीं मिला है। थानाध्यक्ष अभिराम सिंह ने कहा, मामला संदिग्ध है। मौत के कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होंगे। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल :** अचानक हुई इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।लुकेश की पत्नी राधिका देवी, पिता गुदर सहनी, दो पुत्रियों और एक पुत्र का रो-रोकर बुरा हाल है।गांव में भी इस रहस्यमयी मौत को लेकर भय और चर्चा का माहौल है। मुखिया मंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि मन्नी सिंह, पूर्व मुखिया विजय शर्मा, जदयू नेता शशि शंकर ठाकुर और उप सरपंच नंदन कुमार सहित कई स्थानीय नेताओं ने युवक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शनिवार शाम जब शव गांव पहुंचा, तो परिवार में मातम छा गया।

## सीवान में प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या-बैंगलोर से शादी में शामिल होने आया था गांव खेत में मिला शव

**सीवान,एजेंसी।**सीवान के लकड़ीनबीगंज थाना क्षेत्र के भोपतपुरा भरथिया गांव शनिवार को उस समय सहम गया जब गांव के चंवर में 18 साल के युवक की चाकू से गोदकर हत्या किए जाने की खबर मिली । घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।



**दिनेश ने फोन कर बताया कुछ लोग उसे मार रहे:** मृतक की पहचान भोपतपुरा भरथिया निवासी सुरेंद्र राय के पुत्र दिनेश यादव उर्फ लालू यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दिनेश अपने भाई के साथ बैंगलोर में रहता था और हाल ही में भाई के ससुराल में आयोजित शादी में शामिल होने के लिए गांव आया था।

शनिवार की दोपहर वह घर के पास खेत की ओर गया था। इसी दौरान उसने फोन कर बताया कि कुछ लोग उसे मार रहे हैं। परिजन तत्काल खेत की ओर दौड़े, लेकिन जैसे ही खेत की तरफ जा रहा था तो देखा कि दो युवक से भाग रहे है।

**परिजन ले गए अस्पताल, डॉक्टरों ने कहा-नहीं बचा :** मौके पर पहुंचकर परिवार वालों ने देखा कि दिनेश लहूलुहान अवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ था। आनन-फानन में उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बारे में कहा जा रहा है कि युवक का गांव की ही एक लड़की से प्रेम करता था और दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। आशंका जताई जा रही है।

# 3 साल की बच्ची को कार ने रौंदा, मौके पर मौत

### सीवान में मुखिया का बेटे चला रहा था गाड़ी, ग्रामीणों ने सड़क किया जाम

**सीवान,एजेंसी।** सीवान में बेकाबू कार की चपेट में आने से 3 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटन बड़हरिया थाना क्षेत्र के माधोपुर पश्चिम टोला गांव की है। मृतक बच्ची की पहचान गांव निवासी ओसिहर कुशवाहा की बेटी पायल कुमारी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पायल घर के बाहर जानवर को रोटी खिला रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक गाड़ी चालक, जो एक हाथ में मोबाइल पकड़े और दूसरे हाथ से स्टीयरिंग संभाल रहा था, संतुलन खो बैठा और बच्चे के पैर पर गाड़ी चढ़ा दी।

बच्ची को बचाने के लिए मौके पर मौजूद लोगों ने जोर से आवाज लगाई, लेकिन चालक घबराकर भागने की कोशिश करने लगा। भागते समय उसने गाड़ी फिर से पायल के शरीर पर चढ़ा दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**मुखिया के बेटे ने बच्ची को कुचला :** हादसे के बाद ग्रामीणों ने गाड़ी को मौके पर ही रोक लिया और चालक को पकड़ लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गाड़ी स्थानीय मुखिया साबिर अली के बेटा चला रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया के लोग बड़ी संख्या में बांस और लाठियों के साथ मौके पर पहुंच गए और मौके से आरोपी मुखिया के बेटे को छुड़ाकर भगा ले गए, जिसको लेकर ग्रामीणों आक्रोश और भड़क गया तथा मुख्य सड़क को जामकर जमकर प्रदर्शन किया गया।



**पुलिस ने घटनास्थल से गाड़ी किया जब्त :** सूचना पाकर बड़हरिया थाना प्रभारी छोटन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को शांत कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल से दुर्घटना में शामिल गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। परिजनों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है।

थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच की जा रही है और दोषी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने और कानून पर भरोसा रखने की अपील की।

## नालंदा में महिला की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप

**नालंदा,एजेंसी।** नालंदा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकंगरसराय में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप है। एक प्रसूता की 18 दिनों के बाद मौत हो गई। मृतका इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मिल्की महुआरी गांव की रहने वाली शशिकांत चौधरी की पत्नी (26) बेवी देवी है।

**डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप :** मृतका के पिता बिना चौधरी ने बताया कि 17 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकंगरसराय में बंध्याकरण का ऑपरेशन कराया था। ऑपरेशन के बाद डॉक्टर ने बेटी को घर भेज दिया।

## औरंगाबाद में गाड़ी के धक्के से युवक की मौत

### सड़क पार करते समय हादसा, गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में मदनपुर थाना क्षेत्र के घोरहत मोड़ के पास एनएच-19 पर शनिवार की रात सड़क दुर्घटना हुआ। इसमें एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मदनपुर पासवान मुहल्ला निवासी परशुराम पासवान के 40 साल के बेटे प्रमोद पासवान के रूप में की गई है।

वह किसी काम से सड़क पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना फैलते ही स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और आक्रोशित होकर सड़क जाम कर दिया।

ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को चार लाख रुपए मुआवजे के साथ सरकारी योजनाओं का फायदा देने की मांग की। रोड जाम के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

सूचना मिलने पर बीडीओ डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य, सीओ मो. अकबर हुसैन और थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौके पर पहुंचे।

**मुआवजे की राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन :** अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और मुआवजे की राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम हटाया गया। इस दौरान एसआई सुरेंद्र कुमार, अजय पासवान सहित पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा।

मृतक प्रमोद पासवान अत्यंत ही निर्धन परिवार से था। वह किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। फरवरी महीने में उसकी बड़ी बेटी की शादी होने वाली थी। वह अपनी बड़ी बेटी की शादी की तैयारी में जुटा था।

## बेतिया में नदी से युवक का शव बरामद

### चेहरे पर जख्म परिजनों ने हत्या की आशंका जताई ;पुलिस जांच में जुटी

**बेतिया,एजेंसी।** बेतिया के सिकटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलिरामपुर गांव के पूरब स्थित ओरिया नदी से शनिवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है।

द्य,शव की पहचान बलिरामपुर गांव निवासी जोखू पटेल के 36 वर्षीय पुत्र सरोज पटेल के रूप में हुई है। उसके चेहरे पर गंभीर जख्म पाए गए हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

**धान की रखवाली करने नदी पार खेत में गया था :** परिजनों के अनुसार, सरोज शुक्रवार रात करीब 9 बजे धान की रखवाली करने नदी पार खेत में गया था। सुबह तक वह घर नहीं लौटा, जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की।

नदी किनारे पहुंचने पर उन्होंने पानी में सरोज का शव देखा। परिजनों ने चेहरे पर जख्मों के निशान देखकर हत्या की आशंका जताई है। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए थे।



थानाध्यक्ष नीतिश कुमार मौर्य ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। उन्होंने प्रारंभिक जांच के आधार पर आशंका जताई कि युवक छठियाघाट के पास बने चचरी पुल से फिसलकर नदी में गिर गया होगा, जिससे गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

मृतक सरोज पटेल दो भाइयों में छोटा था। वह अपने संयुक्त परिवार का जीविकोपार्जन खेती-मजदूरी करके करता था। उसके तीन पुत्र हैं, जिनमें सबसे बड़ा सात वर्ष का और सबसे छोटा मात्र दो वर्ष का है। घटना के बाद मृतक की पत्नी रबीता देवी और मां अदया देवी को गहरा सदमा लगा है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मस्तीपुर,एजेंसी।**समस्तीपुर जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत मालीनगर पंचायत के एक युवक की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मालीनगर पंचायत के वार्ड 8 निवासी संदीप पासवान उर्फ गोरख के रूप में हुई है। वह तीन दिन पहले एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। शनिवार सुबह पटना में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।



**अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर :** जानकारी के अनुसार, कल्याणपुर से पूसा मुख्य पथ पर मालीनगर सैदपुर के तीखा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। संदीप पासवान को पहले समस्तीपुर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया था, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया। हादसे में घायल दूसरे युवक, मालीनगर निवासी अजित कुमार का इलाज अभी भी एक निजी क्लिनिक में चल रहा है।

**पटना में पोस्टमॉर्टम किया गया:** मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम पटना में किया जा रहा था। युवक की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। संदीप पासवान सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहता था और ड्राइवर का काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

## किशनगंज साइबर थाना ने फोन-पे फ्रॉड में 10,020 लौटाए

### पीड़ित के बैंक खाते में धोखाधड़ी की पूरी राशि सफलतापूर्वक वापस, लोगों को सतर्क रहने की सलाह

**किशनगंज (बिहार),एजेंसी।** किशनगंज साइबर थाना ने PhonePe फ्रॉड के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित युवक को 10,020 वापस दिलाए हैं। धोखाधड़ी की यह पूरी राशि पीड़ित के बैंक खाते में सफलतापूर्वक लौटा दी गई। दरअसल, साइबर थाना को AC NO-30511250083508 से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई थी। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप धोखाधड़ी की गई पूरी राशि वापस मिल सकी।




पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले की पुलिस और साइबर थाना ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। साथ ही, वे लोगों को इन धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं।

**लोगों को सतर्क रहने की सलाह :** पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर बढ़ रहे फ्रॉड को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या KYC अपडेट के नाम पर मांगी गई जानकारी साझा न करें। साथ ही, किसी भी प्रकार के अज्ञात लिंक या वेबसाइट पर क्लिक करने से बचें।

पुलिस ने यह भी दोहराया कि किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम पुलिस थाना से संपर्क करें।

## 3 साल पहले अपहृत किशोरी बरामद, एक बच्ची संग लौटी

**शेखपुरा,एजेंसी।** शेखपुरा के कोरमा थाना क्षेत्र से तीन साल पहले अपहृत एक किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। किशोरी अपने साथ एक साल की बच्ची लेकर लौटी है। पुलिस ने शनिवार को बरामद युवती को कोर्ट में बयान दर्ज कराने के लिए पेश किया।कोरमा थाना अध्यक्ष मुरारी कुमार ने बताया कि तीन साल पहले किशोरी के अपहरण के संबंध में उसके पिता ने स्थानीय थाने में पोस्को अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**किशोरी प्रेम प्रसंग में युवक के साथ हुई थी फरार:** इसमें कोयला गांव निवासी सहदेव महतो के पुत्र शैलेंद्र कुमार उर्फ सालो कुमार सहित उसके माता-पिता को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। थाना अध्यक्ष के अनुसार, किशोरी प्रेम प्रसंग में युवक के साथ फरार हो गई थी।

# 3 बच्चों की मां से अफेयर में युवक का मर्डर

**बेगूसराय,एजेंसी।**तीन बच्चों की मां से अवैध संबंध के चक्कर में BA के स्टूडेंट बेगूसराय के रहने वाले 20 साल के नंदन कुमार की भागलपुर में हत्या हो गई। नंदन 27 नवंबर को सुबह 8 बजे से लापता था।

8वें दिन नंदन कुमार की लाश उसकी प्रेमिका की ससुराल से 500 मीटर दूर खेत में मिली। नंदन की हत्या के बाद सभी आरोपी फरार हैं। नंदन जिस 3 बच्चों की मां से प्यार करता था, वो उसके बचपन के दोस्त की बड़ी बहन थी। भागलपुर में पोस्टमॉर्टम के बाद गुरुवार सुबह नंदन की लाश बेगूसराय के बलिया थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव लाई गई और साहेबपुर कमाल के मल्हीपुर-मुंगेर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

**हत्या के बाद दोस्त ने बाल मुंडवाए:** जानकारी के अनुसार नंदन की हत्या 27 नवंबर की रात ही कर दी गई थी और लाश को प्रेमिका की ससुराल से करीब 500 मीटर दूर पानी लगे धान के खेत में ठिकाने लगाया गया। उसके बाद उसका दोस्त राजा 28 नवंबर को अपने गांव लौटा।




सुबह में एक सैलून में उसने बाल मुंडवा लिए, कहा था कि एक सूतक हो गया है। बाल मुंडवाने के दौरान उसके साथ तीन और युवक थे, जो 27 नवंबर की सुबह में साथ ही गए थे।

**अब जानिए, नंदन और उसकी प्रेमिका के भाई की दोस्ती की कहानी:** नंदन बलिया थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव के रहने वाले किशोर यादव का सबसे छोटा बेटा था। नंदन और गांव के ही रहने वाले राजा नाम के लड़के के बीच काफी गहरी दोस्ती थी। दोनों बचपन के दोस्त थे, नंदन और राजा का एक दूसरे के घर आना-जाना था। दोनों के घरवाले एक दूसरे को पहचानते थे। नंदन ने BA का स्टूडेंट था और माता-पिता के साथ गांव में ही रहता था। राजा और नंदन कॉलेज, ट्यूशन, बाजार से लेकर खेत में भी एक साथ ही जाते थे। दोनों को जब रिश्तेदारों के घर जाना होता था, तो एक साथ ही आना-जाना करते थे। राजा के घर आने-जाने के दौरान ही नंदन और उसकी बहन के बीच अफेयर शुरू हो गया। दोनों ने एक दूसरे का नंबर लिया और फिर दोनों की फोन पर भी बातचीत होने लगी।नंदन प्यार में इतना पागल था कि शादी के बाद भी वो उसकी एक झलक के लिए अपने घर से 80 किलोमीटर दूर भागलपुर के भवानीपुर चला जाता था। कुछ दिन पहले प्रेमिका अपने ससुराल भागलपुर के नारायणपुर में थी तो बातचीत के दौरान महिला के परिजन को शक हो गया।

**जब महिला से सख्ती से पूछताछ हुई तो नंदन का नाम बताया :** महिला के ससुरालवालों ने शक के आधार पर बहू के अफेयर की बात मायके वालों को दी। इस जानकारी के बाद पहली बार राजा अपनी बहन के ससुराल गया। उसके साथ परिजन भी थे। भवानीपुर में ही जब महिला से सख्ती से पूछताछ की गई तो पता चला कि उसका अफेयर राजा के दोस्त नंदन से ही है।

इस जानकारी के बाद राजा और उसके घर वाले गांव लौट आए। राजा ने नंदन को कुछ नहीं बताया, लेकिन अपनी बहन के ससुरालवालों के साथ मिलकर नंदन की हत्या की प्लानिंग करने लगा। करीब 10 दिन पहले ही महिला के ससुराल वाले और मायके वालों ने मिलकर हत्या की साजिश रच डाली। सब कुछ तय होने के बाद 26 नवंबर की रात राजा और नंदन देर रात तक गांव में ही मंदिर पर एक साथ बैठे थे। राजा ने नंदन को एहसास तक नहीं होने दिया कि उसे अफेयर के बारे में कुछ भी पता है। फिर दोनों अपने-अपने घर चले गए। 27 नवंबर की सुबह अचानक राजा ने कहा कि आज मेरे बहन के बेटे का बर्थडे है।

**सुबह मां से नाश्ता मांगकर खाया, बिना बताए गया, लौटा नहीं :** राजा ने नंदन से कहा कि चलो उसके घर पर जाकर बर्थ-डे मानते हैं। सुबह लगभग 7-45 बज रहा होगा अचानक नंदन ने अपनी मां को कहा जो भी खाना बना हो जल्दी से दो। इसके बाद नंदन घर से किसी को कुछ बताए बगैर राजा सहित चार युवकों के साथ गांव से निकला, लेकिन शाम तक नहीं लौटा।

## रामपट्टी हेचरी में छापेमारी का मामला



**मधुबनी,एजेंसी।** राजनगर थाना क्षेत्र के रामपट्टी हेचरी परिसर में बुधवार शाम पुलिस छापेमारी के दौरान फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया है। मामला लोडेड पिस्तौल के साथ लूट की योजना बनाने से जुड़ा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम रामपट्टी हेचरी स्थित पानी टंकी के पास मिथिलेश यादव (रांटी मोहनपुर) और मनीष यादव (महिनाथपुर) अपराध की योजना बना रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने छापेमारी कर मिथिलेश यादव को लोडेड पिस्तौल के साथ दबोच लिया था, जबकि उसका साथी मनीष यादव मौके से फरार हो गया था।इसके बाद पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश तेज की और थाना प्रभारी चंद्रकिशोर टुड्डू के नेतृत्व में आरती कुमारी एवं नए लाल प्रसाद की टीम ने महिनाथपुर निवासी दयाराम यादव के पुत्र मनीष यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया है।

# सांसद रूडी की पहल पर मुख्य सचिव के साथ विस्तृत समीक्षा, सारण संरेखन पर बनी उच्च स्तरीय सहमति

**दिघवारा से गंडक नदी के नए पुल को पार करने वाला नॉर्दर्न रिंग रोड का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु अग्रसारित**

- मनचितवा के आगे तक जाएगा यह मार्ग, जेपी सेतु और शेरपुर-दिघवारा पुल को देगा सीधा संपर्क
- कोन्हुआ के पास गंडक पर बनेगा एक और नया पुल, जो पूर्णिया एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा
- एनएचएआई और केंद्र सरकार से मिली सैद्धांतिक सहमति, क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई दिशा




**दैनिक खोज खबर/ पटना/सारण,** । सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी के सतत प्रयासों और दीर्घकालिक दृष्टि के परिणामस्वरूप पटना नॉर्दर्न रिंग रोड के सारण वाले हिस्से के संरेखन पर महत्वपूर्ण सहमति बनी। बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में इस संरेखन पर अंतिम रूप दिया गया। प्रस्ताव को अब राज्य सरकार द्वारा आगे बढ़ा दिया गया है। इस नये संरेखन के अनुसार दिघवारा से प्रारंभ होकर नॉर्दर्न रिंग रोड गंडक नदी पर बन रहे नए पुल को पार करेगा और आगे बढ़ते हुए जेपी सेतु के समानान्तर बन रहे छः लेन नए गंगा पुल तथा शेरपुर-दिघवारा पुल से सीधी कनेक्टिविटी स्थापित करेगा। यह मार्ग मनचितवा पुल के आगे तक विस्तारित रहेगा। इसी रिंग रोड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कोन्हुआ के समीप गंडक नदी पर प्रस्तावित नये पुल के माध्यम से पूर्णिया एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा, जिससे न केवल सारण बल्कि पूर्ण उत्तर बिहार में परिवहन नेटवर्क का एक नया युग प्रारंभ होगा। यह पूरी परियोजना दो हजार करोड़ से अधिक की लागत से विकसित होगी। सारण सांसद रुडी ने कहा कि इस परियोजना से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच यात्रा समय में बड़ी कमी तो आएगी साथ ही उद्योग, व्यापार, कृषि और सेवा क्षेत्रों को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि कहा कि सारण जिला उत्तर बिहार के प्रमुख आर्थिक हब के रूप में उभर सकेगा और तेज, सुरक्षित और आधुनिक कनेक्टिविटी से पूरे क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री रुडी ने कहा कि रिंग रोड के संरेखन और अनुमोदन की दिशा में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिली सैद्धांतिक सहमति महत्वपूर्ण है। रुडी ने कहा कि नितिन गडकरी जी देश के सर्वाधिक परिणामकारी मंत्री हैं। उनके नेतृत्व में देशभर में रिकॉर्ड गति से सड़कें बनी हैं। बिहार के लिए भी उन्होंने असाधारण सहयोग दिया है। नॉर्दर्न रिंग रोड पर भी उनका मार्गदर्शन निर्णायक भूमिका निभा रहा है। रूडी ने कहा कि यह मार्ग सारण ही नहीं, बल्कि संपूर्ण उत्तर बिहार के विकास को कई दशक आगे ले जाने वाला परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट साबित होगा।

## तरैया में दूसरे दिन भी अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का बुलडोजर

### SH-73 और SH-104 दोनों सड़कों के किनारे से हटाए गए अवैध अतिक्रमण




**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के तरैया बाजार पर रविवार को भी अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चला। सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह एवं तरैया थानाध्यक्ष धीरज कुमार के संयुक्त नेतृत्व में सड़क किनारे और सरकारी भूमि पर से अवैध कब्जा हटाया गया। अभियान के दूसरे दिन दो-दो जेसीबी मशीन से सड़क किनारे से अवैध रूप से लगाए गए कर्कटनुमा शेड, गुमटी, ठेले और अस्थाई व कुछ पक्के निर्माण में सीढियां ध्वस्त किए गए। रविवार को एसएच-73 मुख्य सड़क से अपना मार्केट के समीप से लेकर तरैया-मसरख मोड़ के पूरब और पश्चिम दोनों दिशाओं में हुए अवैध अतिक्रमण को अंचलाधिकारी ने जेसीबी से तोड़वा कर हटवाया। उसके बाद एसएच-104 मुख्य सड़क पर पोस्ट ऑफिस से लेकर स्मार्ट प्वाइंट तक अतिक्रमण हटाया गया। तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तरैया बाजार के विभिन्न सड़कों के किनारे स्थानीय दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसको शनिवार से अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसएच-73 मुख्य सड़क पर तरैया-मढ़ौरा मुख्य सड़क, तरैया-मसरख मुख्य सड़क, एवं एसएच-104 मुख्य तरैया-अमनौर सड़क किनारे एवं सरकारी जमीन में बने अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। वहीं अभियान के बाद बाजार की सड़कें थोड़ी चौड़ी और सुगम दिखाई देने लगी हैं। सीओं पंकज कुमार ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ दण्डनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं अभियान के दौरान थानाध्यक्ष धीरज कुमार, अपर थानाध्यक्ष, एसआई अप्पू कुमार, राजस्व कर्मचारी बद्री विशाल मिश्र, सीआई गगन कुमार, अंचल कर्मी संजय कुमार समेत भारी संख्या में जिला से आए अतिरिक्त महिला व पुरुष पुलिस बल तैनात किए गए थे।

## सोनपुर मेला में ग्राम श्री मंडप बना आकर्षण का केंद्र

### हस्तशिल्प से लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों तक, लोगों को खूब भा रहा है ग्राम श्री मंडप

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्वविख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले की रौनक इस बार और भी बढ़ गई है। मेले का केंद्र बना ग्राम श्री मंडप, अपने अनूठे अंदाज में लोगों को लुभा रहा है। यहां हस्तनिर्मित उत्पादों और पारंपरिक व्यंजनों की इतनी विविधता और गुणवत्ता देखने को मिल रही है कि हर कोई इसे देखने और अनुभव करने के लिए उमड़ रहा है। ग्राम श्री मंडप में जीविका समूह की ओर से लगाए गए स्टाल्स पर हस्तनिर्मित वस्त्र, आभूषण, घरेलू सजावट और अन्य उत्पादों की भरमार है। इनमें मिट्टी, लकड़ी और जूट से बने उत्पाद, ग्रामीण हुनर का जीवंत प्रमाण हैं। खास बात यह है कि यहां हर उत्पाद अपनी विशिष्टता और उत्कृष्ट कारीगरी के लिए सराहा जा रहा है। लोग बड़ी संख्या में इन उत्पादों को खरीदकर अपने अनुभव को यादगार बना रहे हैं।

**जीविका दीदी की रसोई - स्वाद और स्वास्थ्य का संगम** :मंडप के आकर्षणों में सबसे लोकप्रिय है जीविका दीदी की रसोई, जहां लोगों को पारंपरिक बिहारी व्यंजन परोसे जा रहे हैं। लिट्टी-चोखा, जो बिहार की पहचान है, यहां बेहद शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक तरीके से तैयार किया जा रहा है. यहां का लिट्टी-चोखा न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसकी शुद्धता और रियायती दरों ने इसे मेले में आए हर उम्र के लोगों की पहली पसंद बना दिया है।

ग्राम श्री मंडप न केवल स्थानीय हस्तशिल्प और व्यंजनों का प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। ग्रामीण महिलाएं अपने हुनर के बल पर यहां न केवल अपनी पहचान बना रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त भी हो रही हैं।

**सोनपुर मेला में उमड़ा जनसैलाब** : हर साल लाखों लोगों को आकर्षित करने वाला यह मेला, इस बार ग्राम श्री मंडप की वजह से और भी खास बन गया है। यहां न केवल पर्यटक बल्कि स्थानीय लोग भी खरीदारी और स्वादिष्ट भोजनों का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। हस्तशिल्प की उत्कृष्टता और परंपरागत व्यंजनों का यह संगम मेले की सबसे बड़ी खासियत बन चुका है।

**हरिहर क्षेत्र मेला - संस्कृति और परंपरा का महोत्सव** :हरिहर क्षेत्र मेला सिर्फ एक व्यापारिक स्थल नहीं, बल्कि यह बिहार की सांस्कृतिक और परंपरागत धरोहर का उत्सव है। ग्राम श्री मंडप ने इसे और भी जीवंत बना दिया है। अगर आप मेले का असली आनंद लेना चाहते हैं, तो ग्राम श्री मंडप की सैर जरूर करें।

## सबलपुर में तैराकी प्रतियोगिता आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मिश्रीलाल महेंद्र चौधरी शीतकालीन तैराकी प्रतियोगिता बिहार के तैराकी संघ के पुरोधा एवं संस्थापक स्वर्गीय मिश्रा एवं महेंद्र चौधरी के स्मृति को बनाए रखने के लिए बिहार तैराकी संघ एवं सारण जिला तैराकी संघ की ओर से सोनपुर के सबलपुर दियारा के कुमार घाट से बाबा घाट तक 2 किलोमीटर की तैराकी प्रतियोगिता संपन्न हुई. भीषण सर्दी में तैराकों ने शीतकाल में अपना दम खम का परिचय दिया और अतुलनीय कार्य का परिचय दिया प्रतियोगियों में एक दूसरे से आगे निकलने की होर लगी थी प्रतियोगिता को देखने के लिए सबलपुर दियारा में काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे उनलोगों ने इस रोमांस को देखकर उनका अभिवादन किया इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 25 तैराकों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पटना के यशराज ने 22 ¬ 5 ¬ 72 समय में हासिल किया और द्वितीय स्थान शुभम कुमार एवं तृतीय स्थान दीपक कुमार ने हासिल किया. 10 तैराकों ने इस प्रतियोगिता में अपना 10 नंबर तक आकर पुरस्कार के लिए अपना नाम दर्ज कराया। ज्ञातव्य है कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय समाज सेवी लालबाबू पटेल ने की. इस अवसर पर बिहार तैराकी संघ के सचिव रामविलास पांडे उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा विनोद कुमार ,दीपक कुमार यादव, हरिशंकर चौधरी, प्रमिला लाल, कुमार अमित, डॉक्टर विजय प्रसाद एवं संयोजक उपेंद्र कुमार ने इस आयोजन को सफल करने में अपना योगदान दिया. प्रतियोगिता के अंत में प्रतियोगिता के सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किया गया. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सचिव रामविलास पांडेय उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष विनोद कुमार संयुक्त कोषाध्यक्ष संयुक्त सचिव हरिशंकर चौधरी अरवल जिला सचिव दीपक कुमार यादव डॉक्टर विजय विजय प्रसाद लाल बाबू पटेल द्वारा प्रदान किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने किया.

## बाइक दुर्घटना में एक घायल

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर अनियंत्रित बाइक दुर्घटना होने से सवार घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल एकावना गांव निवासी मोतीलाल राय हैं। घटना के बारे में बताया गया कि घायल बाइक सवार छपरा की तरफ जा रहा था कि बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें बाइक सवार सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया ?। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया।

## शिक्षक सह प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर बैठक आयोजित




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चरिहारा गांव में स्वर्गीय दिनेश्वर सिंह की पुण्यतिथि पर शिक्षक सह प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन करने को आयोजन समिति की बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन 21 दिसंबर 2025 को शैल कुंज चरिहरा के परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने वाले प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजन समिति के जयप्रकाश मिश्रा, नवीन सर, सुधीर तिवारी, गोविंद प्रसाद रस्तोगी के अलावे सभी सदस्य शामिल रहे।

## मढ़ौरा की बंद चीनी मिल को लेकर युवाओं ने की बैठक, कहा मढ़ौरा की मिल को चालू कराने की प्राथमिकता में शामिल करे सरकार



**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)।** बिहार की पुनर्गठित नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में बिहार की बंद चीनी मिलों को खोले जाने की मिले स्वीकृति के बाद फिर से मढ़ौरा मिल की खुलने की आस जग गई है। रविवार को स्थानीय युवाओं ने मिल परिसर में एक बैठक आयोजित की। मानव क्रांति जनआंदोलन के बैनर तले बैठक में युवाओं ने कहा कि बंद चीनी मिल का चालू होना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सरकार की इस दिशा में पहल करना सकरात्मक है। बैठक में यह कहा गया कि मढ़ौरा की बंद चीनी मिल बिहार में स्थापित पहली मिल थी। इसे चालू करने से हजारों युवाओं के लिए रोजगार का नया मार्ग खुलेगा। पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में नई ऊर्जा आएगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चीनी मिल की करोड़ों की संपत्ति लवारिस हाल में है। मिल परिसर से कीमती लोहे, मशीन और अन्य पार्ट-पुर्जों के लगातार चोरी हो रही है। इसपर प्रभावी रुप से रोक के लिए 19 दिसम्बर को मढ़ौरा एसडीएम और जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मिल की संपत्ति की सुरक्षा की मांग की जाएगी। युवाओं ने अपने आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए 21 दिसम्बर को अगली बैठक आयोजित करने की बात कही। युवाओं ने सरकार से मांग की है कि बंद पड़ी मढ़ौरा चीनी मिल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इससे मिल की अस्मिता वापस लौटेगी और क्षेत्र में रोजगार, किसानी की नई उम्मीद जगेगी। बैठक में वीर आदित्य, दिलीप साह, पंकज यादव, धनंजय यादव उर्फ कालिदास, अभय रंजन, डॉ. विशाल कुमार, रामबाबू राम, जयराम महतो, अधिवक्ता बीरेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह कुशवाहा, अनिल कुमार राम, राणा कुमार, नीतीश कुमार सहित कई अन्य युवा व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मढ़ौरा स्टेशन रोड निर्माण कार्य में शिथिलता से आम लोग परेशान




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय नगर के लाइफ लाइन माने जाने वाले स्टेशन रोड निर्माण कार्य में शिथिलता बरते जाने पर लोगों की परेशानी दिनों दिन बढ़ रही हैं। वही दुपहिया और चारपहिया वाहनों को बीच सड़क पर फजीहत झेलनी पड़ रही है। मालूम हो कि निर्माणाधीन स्टेशन रोड को मढ़ौरा खादी ग्रामोद्योग मोड़ से मेन रोड तक लगभग बीते एक पखवाड़ा से तोड़ और काबड़ दिया गया हैं। जिससे रोड से दुपहिया और चार पहिया वाहनों का निकलना मुश्किल है। फिर भी संवेदक ने किसी किनारे पर वैकल्पिक राह, कार्य प्रगति और सड़क अवरुद्ध का सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है। जिससे राहगीरों को सड़क मार्ग में आने पर काफी मशक्कत कर आगे पीछे जाना पड़ रहा है। जिससे दिनभर दर्जनों वाहन चालक परेशान दिखते हैं। वही स्थानीय स्टेशन रोड के व्यवसायियों को भी परेशानी से निजात नहीं मिल पा रही है। एक तो उन्हे अपने दुकानों पर आने जाने में कठिनाई हो रही है, दूसरी तरफ ग्राहक असुविधा देख स्टेशन रोड में नही आ रहे है। जिससे दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेतरीब तरीके से रोड को उखाड़ कई दिनों से छोड़ दिया गया है, कार्य काफी शिथिल तरीके से कराए जा रहे हैं। वहीं कार्य स्थल पर निर्माण एजेंसी का कोइ योजना पट्ट नहीं है, जिस पर संवेदक और संबंधित जेई का नाम हो, जिससे लोग शिकायत करे या उनका पक्ष जान सके।

## टोटो से जख्मी वृद्ध की इलाज के दौरान पटना में मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** एनएच 19 मांझी छपरा मुख्य मार्ग पर धनी छपरा गांव के समीप शनिवार की शाम एक अनियंत्रित टोटो से ठोकर लगने के बाद गम्भीर रूप से जख्मी बृद्ध की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में रुदन क्रंदन का माहौल उतपन्न गया। मृतक मांझी के धनी छपरा गांव का निवासी अनिरुद्ध चौधरी उम्र 60 वर्ष बताया जाता है। मृतक गांव के समीप ही सड़क किनारे एक झोंपड़ी में चाय की एक छोटी सी दुकान से होने वाली आमदनी के सहारे अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के चाचा जयराम चौधरी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व ठीक उसी स्थान पर एक अज्ञात वाहन के धक्के से मृतक के विवाहित बेटे राजू चौधरी की भी दर्दनाक मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक का परिवार अभी उसी सदमें से पूरी तरह उबर नहीं पाया था तबतक दूसरी दुर्घटना ने गरीबी से जूझ रहे उनके परिवार को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम मृतक अपनी चाय की दुकान के लिए चीनी और चायपत्ती गांव में स्थित एक दुकान से खरीदकर वापस अपनी चाय दुकान पर लौट रहा था तभी अनियंत्रित टो टो ने उन्हें धक्का मार दिया। बाद में आनन फानन में ग्रामीणों ने उन्हें मांझी सीएचसी पहुंचाया। हालांकि चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें चिंताजनक हालत में छपरा रेफर कर दिया। छपरा सदर अस्पताल में स्थिति को अनियंत्रित होता देख उन्हें देर रात चिकित्सकों ने छपरा से पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया जहां उन्होंने रविवार की सुबह दम तोड़ दिया। उधर पटना में पोस्टमार्टम कराने के बाद शाम तक शव के गांव पहुंचने की संभावना है। इधर दुर्घटना की खबर पाकर पहुंची मांझी थाना पुलिस ने टो टो चालक को अपनी हिरासत में ले लिया।परिजनों ने बताया कि मृतक के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा एक पुत्र व दो पुत्री हैं जिनकी शादी हो चुकी हैं।

## जलालपुर थाना मे पद संभालते ही एक्शन में दिखे थाना अध्यक्ष राजेश कुमार



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** जलालपुर थाना मे पद सम्भालते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार एक्शन मे दिखे।उन्होने जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक कर क्षेत्र का हाल-चाल जाना और सभी से सहयोग करने का आग्रह किया।उन्होने बताया कि गैरकानूनी काम करने वाले को वक्शा नहीं जाएगा।थाना क्षेत्र में घटित घटनाओं की जानकारी हेतु थानाध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्तियों को अपना पर्सनल मोबाइल नंबर दिया ताकि सभी घटित घटनाओं का निष्पादन समय पर किया जा सके। बैठक में सीपीआई नेता नागेंद्र राय, रामपुर नूरनगर के मुखिया नागेंद्र माझी पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देव कुमार राय, वर्तमान सरपंच संजय राम,माधोपुर मुखिया धर्मेंद्र यादव, सरपंच अनिल किशोर सिंह,जेपी सेनानी कन्हैया सिंह तूफानी, प्रदीप पुरी सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह,राजद प्रखंडअध्यक्ष श्री राम राय,भाजपा मंडलअध्यक्ष कुश पांडेय, नवादा पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह,वर्तमान मुखिया विष्णु प्रसाद यादव, बिशनपुरा पंचायत के मुखिया उत्तम बैठा, सरपंच प्रतिनिधि नारायण मांझी, विकास सिंह एवं थाना के एएसआई राधा मोहन सिंह एस आई अंकित कुमार सिंह अनूप मौर्य, मीर हसन अंसारी, अवधेश कुमार एस आई सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला कृषि पदाधिकारी ने खाद बीज विक्रेताओं के दुकानों पर की छापेमारी

**दैनिक खोज खबर/ बनियापुर(सारण)।** प्रखंड के पूछरी बाजार पर जिला कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न दुकानों पर औचक निरिक्षण किया गया।निरिक्षण के दौरान पूछरी बाजार के मे न्यू कुशवाहा खाद बीज भंडार एवं मे सत्यम खाद बीज भंडार प्रतिष्ठान बंद कर फरार हो गए। इसके बाद अनुज्ञप्ति निलंबित कर दिया गया। जहां 22 बैग एसएसपी बीना अनुज्ञप्ति के पाया गया।जो नकली खाद बीज प्रतीत हो रहा था। जिस पर बनियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि प्राप्त शिकायतों के आलोक में नियमित रूप से छापेमारी की जाएगी। मौके पर बनियापुर कृषि पदाधिकारी, बनियापुर थाना के पदाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



# रंगदारी व लूट मामले का मुख्य आरोपित मुनमुन सिंह गिरफ्तार

**दारौंदा(सिवान)।** थाना क्षेत्र के मड़सरा से पुलिस टीम ने रंगदारी मांगने और रुपये छीनने के मामले के मुख्य आरोपित मुनमुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया और रविवार को न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि विगत 12 सितंबर को मड़सरा निवासी आशुतोष कुमार तिवारी दारौंदा क्षेत्र में काम के सिलसिले में आए थे। उसी दौरान उन्हें आरोपित मुनमुन सिंह द्वारा लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी। घटना वाले दिन आशुतोष तिवारी जब रानीबारी काली स्थान के पास पहुंचे, तभी मुनमुन सिंह और उसके साथ दो अज्ञात लोगों ने कट्टा का भय दिखाकर 62 हजार रुपये लूट ली थी। इस संबंध में पीड़ित द्वारा दारौंदा थाने में प्राथमिकी कराई गई थी। पुलिस ने लगातार छापेमारी और अनुसंधान के बाद रविवार को मुख्य आरोपित मुनमुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसे आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल अन्य दो अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा रही है और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी जारी है।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** थाना की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पूर्व के मामले में फरार चल रहे तीन वारंटी को सिसवन गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटियों में सिसवन निवासी सुरेंद्र यादव, उमाशंकर यादव और मुख राम यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि तीनों वारंटी पूर्व के मामले में फरार चल रहे थे।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए सिसवन गांव से पूर्व के मामले में फरार चल रहे तीन वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटियों में सिसवन निवासी सुरेंद्र यादव, उमाशंकर यादव और मुख राम यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि तीनों वारंटी पूर्व के मामले में फरार चल रहे थे।

## रैली निकाल महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा को रोकने के लिए किया जागरूक

**सिवान।** इनर व्हील क्लब आफ तेजस्विनी सिवान द्वारा आरेंज द वर्ल्ड अभियान पर  स्टाप वायलेंस% रैली का आयोजन आयोजन रविवार को किया गया। इस अभियान में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने हेतु एक शक्तिशाली %स्टाप वायलेंस% जागरुकता रैली निकाली। क्लब की अध्यक्ष सुनीता जायसवाल ने उत्पीड़न और अत्याचार रोकने की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि सचिव रश्मि गिरि ने महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। इस रैली में क्लब की उपाध्यक्ष सीमा चौधरी, कोषाध्यक्ष सोनी सोहेब, रोमी कुमारी, सुनीता कुशवाहा, रूपल आनंद, नीलांजना त्रिपाठी, सविता कुमारी, बबीता कुमारी, मोनिका राज और मीनाक्षी देवी ने सक्रिय रूप से भाग लिया एवं सभी को महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा को रोकने के लिए जागरूक किया।

## पुतिन के भारत दौरा से रूस का संबंध हुआ मजबूत : सांसद

**महाराजगंज (सिवान)।** रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के भारत दौरा से भारत- रूस का संबंध और मजबूत हुआ है। उक्त बातें स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने विधायक हेमनारायण साह के आवास पर पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि पुतिन मोदी के साथ होने से अमेरिका, चीन, पाकिस्तान घबराया है। सांसद ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बिहार में रोजगार को आगे बढ़ाएगी। हर क्षेत्र में कार्य होगा। सांसद ने कहा कि जो एनडीए कहती है उसे पूरी करती है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज विश्व के सर्व मान्य नेता हैं।

विधायक हेमनारायण साह ने सांसद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष संगीता देवी, भाजपा पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीष सिंह, मुखिया आलोक सिंह, पूर्व मुखिया विनोद सिंह, भाजपा विस्तारक दिलीप कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**मैरवा (सिवान)।** प्रखंड के मझौली चौक के निकट रविवार को अल जिलानी हेल्थ एवं वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण क्षेत्र से एक सौ से अधिक ग्रामीणों ने अपना नेत्र जांच कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ सर्जन डा. मोहम्मद अमजद खान ने रोगियों के आंखों की परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिए। आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क दी गई। इस दौरान मोतियाबिंद पीड़ित नेत्र रोगियों को चिह्नित भी किया गया। डा. अमजद खान ने कहा कि अल जिलानी हेल्थ एवं वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा ऐसे मोतियाबिंद पीड़ित रोगियों के नेत्र का निःशुल्क आपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरुकता उत्पन्न करना और मोतियाबिंद से पीड़ित नेत्र रोगियों को निःशुल्क नेत्र आपरेशन कैंप की जानकारी देना है।

## ट्रक में लदी भारी मात्रा में शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सीवान)।** थाना क्षेत्र के मलमलिया से पुलिस ने ट्रक पर लदी भारी मात्रा में शराब बरामद की साथ ही चालक व खलासी को गिरफ्तार कर ली है। गिरफ्तार चालक थाना क्षेत्र के महना निवासी उत्तम कुमार है जबकि खलासी मुजफ्फरपुर जिले के मथुरापुर निवासी राजा बाबू है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि शराब माफियाओं द्वारा कहीं शराब आपूर्ति के लिए शराब लाने की सूचना थी। पीएसआइ छपित कुमार चौबे, एसआइ अनिल कुमार सिंह तथा एएसआइ राजीव कुमार एवं पुलिस बल के साथ मलमलिया चौक पर नाकेबंदी कर गुजरने वाली सभी वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसमें पुलिस की मिली सूचना के अनुसार खाली ट्रक भी मलमलिया चौक पहुंची, जिसे पुलिस ने जांच शुरू की। ट्रक में छुपाकर रखी गई एक सौ कार्टन शराब बरामद हुई हैं। पुलिस मौके पर ट्रक चालक व खलासी को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब फ्रूटी पैक में हैं। शराब की मात्रा करीब एक हजार लीटर से अधिक हैं। उन्होंने बताया कि ट्रक व चालक और खलासी को हिरासत में ले लिया गया हैं। पुलिस गिरफ्तार चालक व खलासी से पूछताछ कर शराब के बड़े माफियाओं पर नकेल कसने की तैयारी में जुट गई हैं।

# सिवान में संघ का व्यापक ग्राम संपर्क अभियान तेज़, शताब्दी वर्ष पर लोगों से जुड़ रहे है स्वयंसेवक

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में चलाए जा रहे वृहद ग्रामङ्कसंपर्क अभियान के तहत सिवान जिले में भी रविवार को व्यापक स्तर पर संपर्क गतिविधियाँ संचालित की गईं। जिला मुख्यालय से लेकर नगर और ग्रामीण अंचलों तक संघ के स्वयंसेवकों की अलग-अलग टोलियाँ घरङ्कघर जाकर लोगों से संवाद स्थापित कर रही हैं। उद्देश्य है–संघ की सौ वर्षीय गौरवशाली राष्ट्रीय यात्रा, उसके विचारों और समाजङ्कनिर्माण में स्वयंसेवकों की सहभागिता से आमजन को अवगत कराना तथा उन्हें सामाजिक कार्यों से जुड़ने हेतु प्रेरित करना। रविवार को शहर के पाल नगर में संपर्क अभियान में जुटी टोली ने द्वार-द्वार जाकर नागरिकों से मिलकर शताब्दी वर्ष के महत्व और संघ के समाजोपयोगी कार्यों की जानकारी दी। संपर्क टोली के प्रमुख कार्यकर्ता राम कुमार सिंह ने कहा, ÷संघ की सौ वर्ष की यात्रा केवल संगठन का इतिहास नहीं है, यह राष्ट्रभावना, त्याग, अनुशासन और सेवा की यात्रा है। हमारा उद्देश्य है कि लोग जानें कि समाज के हर वर्ग में संघ के स्वयंसेवक किस प्रकार निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग समाजङ्कनिर्माण के इस कार्य से जुड़ें।÷ इसी क्षेत्र में सक्रिय दूसरी टोली के सदस्य मनोरंजन सिंह ने बताया कि लोगों में संघ के कार्यों को लेकर विशेष रुचि दिख रही है। उन्होंने कहा, ÷घर-घर संपर्क के



दौरान हमें महसूस हुआ कि लोग संघ की गतिविधियों और उसकी सेवा परंपरा को करीब से समझना चाहते हैं। हम उनसे आग्रह कर रहे हैं कि वे समाजहित के कार्यों में अपनी भूमिका निभाएँ। संघ का उद्देश्य केवल संगठन बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। जिले के बिन्दुसार और बरहन क्षेत्र में संपर्क कर रहे टोली सदस्य प्रभात रंजन ने ग्रामीणों की उत्सुकता पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा, ÷ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर विशेष उत्साह दिखाया है। हमने उन्हें किसानों, युवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा कार्यों में स्वयंसेवकों के योगदान की जानकारी दी। कई लोगों ने आगे आकर संघ के कार्यों से जुड़ने की इच्छा भी जताई, जो हमारे लिए प्रेरणादायी है।÷ इस व्यापक संपर्क अभियान के माध्यम से संघ का लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र तक पहुँच कर एक सकारात्मक, संवेदनशील और संगठित समाज की दिशा में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## जामो बाजार : अवैध मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार,पूछताछ के बाद जेल



**परवेज अख्तर/सीवान।** जामो बाजार थाना क्षेत्र के राछोपाली गांव स्थित दो मकान से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध मादक पदार्थ को बरामद कर दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उक्त गांव निवासी मंटू चौरसिया व मनोज कुमार चौरसिया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने बताया कि जामोबाजार थाना पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम राछोपाली निवासी मंटू चौरसिया एवं मनोज कुमार चौरसिया दोनों अपने घर पर कहीं से गांजा जैसे मादक पदार्थ ब्रिकी हेतु ला कर रखे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जामोबाजार थाना पुलिस टीम द्वारा संदर्भित स्थल पहुँच कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में 04.900 किग्रा गांजा एवं दो मोबाइल बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध जामोबाजार थानान्तर्गत धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बताया कि दोनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं इनकी निशानदेही पर अन्य जगहों पर छापेमारी की जा रही है।

## सीवान : अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश की कार्य योजना पर काम शुरू : मंगल पांडेय

**परवेज अख्तर/सीवान।** सूबे के स्वास्थ्य सह विधि मंत्री सह सदर विधायक मंगल पांडेय ने विधानसभा क्षेत्र के बघड़ा, लुहसी कला, फुलवरिया, धनौती, कुकुरभुक्का, सरसा, मुजाहिदपुर, बढेया सहित विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को एनडीए के पक्ष में मतदान करने के लिए धन्यवाद भी दिया। वहीं बिहार में पुन– देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान के नेतृत्व वाली सरकार को एकबार फिर से मौका देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब बिहार को भारत के शीर्ष पांच निवेश अनुकूल राज्यों में सम्मिलित करने हेतु उद्योग विभाग देश-दुनिया के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों में निवेशक सम्मेलनों का आयोजन करेगा। ताकि बड़े से बड़े उद्योगों को स्थापित किया जा सकें। बताया कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश की



कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। इसमें आधुनिक फूड प्रोसेसिंग और लाजिस्टिक्स सुविधाओं के साथ पांच नए मेगा फूड पार्क स्थापित करना, राज्य में दस औद्योगिक पार्क एवं सौ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पार्कों को विकसित करना, उद्योग-प्रासंगिक कौशल एवं उद्यमिता में सात लाख लोगों को प्रशिक्षित करना तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय की स्थापना एवं सभी जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्र स्थापित करना शामिल है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए किसी मजबूरी में राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े।कार्यक्रम में मुख्य रूप से दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ़ ब्यास सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जदयू जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह, रालोमो जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह कुशवाहा, दिलीप यादव, राजेंद्र सिंह कुशवाहा, कृष्ण प्रसाद, मुन्ना पासवान इत्यादि लोग शामिल थे।

# दिनेश उर्फ लालू राय की हत्या मामले में महिला गिरफ्तार

**लकड़ी नबीगंज(सीवान)।** थाना क्षेत्र के बाला भरथिया चंवर में शनिवार को लालू राय की चाकू (खंजर) से गोदकर हुई हत्या मामले में प्राथमिकी के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य तीन आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खंजर व खून से सने कपड़ों को भी बरामद कर लिया है। मामले में मृतक के पिता ने विपिन कुमार यादव, गुड्डू कुमार यादव, कृष्णा राय व उनकी पत्नी सुशांति देवी पर बेटे को चाकू से गोंदकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी कराई है। वहीं पुलिस अनुसंधान में प्रेम प्रसंग में हत्या की बात सामने आ रही है। पिता ने आवेदन में कहा है कि वे अपने बेटे लालू के साथ खेत में थे, तभी उसे फोन कर छठ घाट बुलाया गया। पूछने पर लालू ने बताया कि दोस्तों ने उसे बुलाया है। चाकू लगने की सूचना पर जब वे पहुंचे तो आरोपित भागते दिखे। घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर हुई घटना से स्वजन भी सदमे में हैं। शनिवार की रात सदर अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। यह दृश्य देख जुटे लोगों की भी आंखें नम हो गई। पिता सुरेंद्र राय, मां चंद्रावती देवी, नरेश राय, लालती देवी, श्रीभगवान राय सहित अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को भी घर से सिसकियों की आवाज आती रही।

## सीवान : नोनिया महासंघ के पुनः जिलाध्यक्ष बने सुभाष चौहान व राष्ट्रीय संयोजक विश्वकर्मा चौहान

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के सूरापुर स्थित एक होटल में रविवार को राष्ट्रीय नोनिया महासंघ (भारत) की प्रमंडलीय बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विश्वकर्मा चौहान को राष्ट्रीय संयोजक तथा सुभाष प्रसाद चौहान को सिवान जिला का जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी पुन– दी गई। पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान करते हुए फूल-माला और अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों और अतिथियों ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज की एकता को बरकरार रखने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष सुभाष प्रसाद चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत में नई टीम बनाकर लोगों को संगठन से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज की समस्याओं के समाधान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन हमेशा अग्रसर रहेगा। मौके पर मुखिया अजय भास्कर चौहान, प्रतिभानु चौहान, सुशीला देवी, अमन चौहान, रणधीर राधे चौहान, अवधेश कुमार, रामेश्वर चौहान, बच्चु प्रसाद विरू, संतोष चौहान, रामपुकार प्रसाद, जयकरण महतो, जय प्रकाश चौहान मौजूद रहे।

## सीवान : 24 घंटे के विशेष अभियान में 21 गिरफ्तार, मचा हड़कंप

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 21 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 21 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान वारंट के कांड में छह, शराब के कांड में छह, हत्या के कांड में एक, चोरी के कांड में एक व विविध के कांड में सात गिरफ्तारी की गई। वहीं 25 लीटर देशी शराब व एक लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 21 वारंट व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से एक लाख 18 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं एक कंटेनर गाड़ी, 32 मवेशी, एक मोबाइल, एक चाकू व एक खून लगा कपड़ा सहित अन्य सामान को बरामद किया गया।

## टारी बाजार में प्रशासन का चला बुल्डोजर, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

**सिवान।** रघुनाथपुर  प्रखंड के टारी बाजार में शनिवार को स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी। अंचलाधिकारी प्रत्यक्ष कुमार और पुअनि सुजीत कुमार के नेतृत्व में सड़क चौड़ीकरण अभियान के तहत बाजार में कई स्थानों पर बुल्डोजर से अतिक्रमण हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई बिहार सरकार के गृहमंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर लगातार दूसरे दिन की गई। कार्यवाही के दौरान मुख्य सड़क के दोनों ओर दुकानों के आगे बने शेडनुमा ढांचों तथा अवैध निर्माणों को गिरा दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क चौड़ीकरण परियोजना में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को सुगम यातायात उपलब्ध कराया जा सके। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। मौके पर प्रखंड अमीन इंद्रजीत कुमार सहित स्थानीय प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद थे। कार्रवाई को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण और व्यवसायी भी इकट्ठा हो गए थे। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान क्षेत्र के विकास और बाजार व्यवस्था को व्यवस्थित करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

## ट्रेन से गिरकर वृद्ध घायल

सिवान। जंक्शन पर रविवार की सुबह ट्रेन से गिरकर एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मैरवा थाना क्षेत्र के श्रीनगर निवासी मुंद्रिका चौहान के रूप में हुई है। घायल ने बताया कि वे मैरवा से दारौंदा जा रहे थे। इसी दौरान जंक्शन पर ट्रेन से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

## पट्टीदारों ने टांगी से प्रहार कर पांच लोगों को किया घायल

**सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में दो पक्षों में रविवार की सुबह मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों के ऊपर टांगी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्वजनों व स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में श्याम बाबू राय, पंकज कुमार राय, मधुबाला देवी, पवन कुमार और विकास कुमार शामिल हैं। घटना के संबंध में श्याम बाबू राय ने बताया कि वे अपने जमीन में मकान का निर्माण करवा रहे थे। तभी पाटीदारों द्वारा एक साजिश के तहत हम सभी को जान से मारने की नीयत से टांगी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। बताया कि मेरे पट्टीदार से कोई दुश्मनी नहीं थी। लेकिन बिना कुछ समझे अचानक हमला कर दिया गया।

## बिहार में बनेंगी 100 फास्ट ट्रैक अदालतें, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा

**पटना।** बिहार में न्यायिक व्यवस्था को गति देने के लिए 100 फास्ट ट्रैक न्यायालयों का गठन किया जाएगा। राज्य के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को इसकी घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इन अदालतों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन, न्यायालयों का बोझ कम करना और संवेदनशील मामलों पर तेजी से सुनवाई सुनिश्चित करना है। वर्तमान में राज्य में 18 लाख से अधिक मामले लंबित हैं, जिन्हें देखते हुए यह कदम अत्यंत जरूरी है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पटना में 08 फास्ट ट्रैक अदालतें प्रस्तावित हैं, जबकि गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में 04-04 अदालतें स्थापित की जाएंगी। नालंदा (बिहारशरीफ), रोहतास (सासाराम), सारण (छपरा), बेगूसराय, वैशाली (हाजीपुर), पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), समस्तीपुर और मधुबनी में 03-03 फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जाएंगी।

इसी तरह पश्चिम चंपारण (बेतिया), सहरसा, पूर्णिया, मुंगेर, नवादा, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, कैमूर (भभुआ), बक्सर, भोजपुर (आरा), सीतामढ़ी, शिवहर, सीवान, गोपालगंज, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका, जमुई, शेखपुरा, लखीसराय और खगड़िया में 02-02 फास्ट ट्रैक अदालतें संचालित होंगी। इसके अतिरिक्त नवगछिया और बगहा उप-मंडलीय न्यायालय में 01-01 फास्ट ट्रैक अदालत स्थापित करने का प्रस्ताव है।

